मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 13/05/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --429/2025
13 मई 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
===================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विश्व भारती जनसेवा संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से सहारा इंडिया निवेशकों का पैसा वापस दिलाने, जांच आयोग का गठन और राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में हस्तक्षेप याचिका दायर करने की दिशा में पहल किए जाने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार विधिसम्मत कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों मे संस्थान के राष्ट्रीय सचिव श्री नागेंद्र कुमार कुशवाहा, संयुक्त सचिव श्री अशोक कुमार राम, उप सचिव श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और रेजिना सुचिता कच्छप शामिल थे।

=================== #Team PRD(CMO)